आकाषवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांक: 11.11.2026 समय: 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले-62 हजार करोड़ रूपये से अधिक की उर्वरक सब्सिडी मंजूर।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जयपुर को स्टेट फस्ट आफ क्लीन सिटी पुरस्कार से सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भाईदूज का पर्व जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मनाया।
- बीकानेर और भीलवाड़ा में दो हादसों में सात लोगों की मृत्यु।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में किसानो के लिए खाद पर सब्सिडी, बुनियादी ढांचे के विकास, मुद्रा योजना के विस्तार और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी परियोजनाआंे को मंजूरी दी गई। केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में प्रेस वार्ता कर केबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने रबी सीजन 2026-27 के लिए 62 हजार करोड़ रूपये की पोषक तत्व आधारित सब्सिडी को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि युवाओं और छोटे कारोबारियों को संबल देने के लिए मुद्रा योजना को अगले पांच सालों के लिए बढाने की मंजूरी दी गई है। वहीं स्टेण्डअप इंडिया योजना के माध्यम से 4 हजार करोड़ रूपये से अधिक का क्रेडिट गारंटी फण्ड मंजूर किया गया है।

इन्फ्रांस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो विस्तार के लिए करीब साढे आठ किलोमीटर लम्बे नये कॉरीडोर को स्वीकृति दी गई है। इसमें पांच नये स्टेशन शामिल होंगे। मंत्रिमंडल ने नई दिल्ली में युगे युगीन भारत संग्रहालय के विकास को भी स्वीकृति दे दी है। इसके लिए 3 हजार 230 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि ये संग्रहालय देश की सभ्यतागत यात्रा को प्रस्तुत करेगा और दुनिया का सबसे बड़ा प्रदर्शनी क्षेत्र बनने जा रहा हैं।

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 पुरस्कार प्रदान किए। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से विज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह में देश के सबसे साफ शहरों को पुरस्कृत किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य देश के स्वच्छ शहरों और शहरी स्थानीय निकायों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित करना है। समारोह में जयपुर को स्टेट फस्ट आॅफ क्लीन सिटी का पुरस्कार मिला है। राष्ट्रपति ने ये अवार्ड स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर महापौर सुनील कौठारी और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा को प्रदान किया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में जयपुर के दोनो नगर निगमों ने स्वच्छता के मानको में सुधार करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। अब इस बार एकीकृत नगर निगम के रूप में शहर की नियमित सफाई, कचरा संग्रहण और निस्तारण व्यवस्था में सुधार के लिए नागरिकों की भागीदारी

बढाने पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि स्वच्छता के लिए जनभागीदारी बहुत जरूरी है। नागरिको को साफ सफाई के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास और स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय फ्रेमवर्क तैयार करने की जरूरत बतायी।

0000

उदयपुर सांसद और भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मन्नालाल रावत ने आज जयपुर में जनजातीय गौरव दिवस को लेकर प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और जनजातीय समाज के अधिकारों के लिए किये गये संघर्ष का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जाती है। इसी उपलक्ष्य में देशभर में 1 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाडा आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जनजातीय समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

000

दीपावली महापर्व की श्रृंखला में भाई बहन के प्रेम को समर्पित भाई दूज का पावन त्यौहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहने अपने भाईयों के तिलक लगाकर उनकी सुख, समृद्धि, सौभाग्य और लम्बी आयु की कामना करती है। वहीं भाई बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन देते है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाईदूज का पर्व मनाने के लिए जैसलमेर पंहुचे। उन्होंने तनोट माता मंदिर में पूजा अर्चना की और बीएसएफ जवानों से संवाद किया। श्री शर्मा ने महिला जवानों के हौंसलो की सराहना कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। अपने संबोधन में श्री शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए सीमांत क्षेत्र का सुरक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट और आधुनिक बोर्डर कार्यक्रम के तहत मजबूत तंत्र का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही सीमा क्षेत्र को घुसपेठियों से मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

0000

लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर भी विशेष तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में पाली के महाछठ घाट पर साफ सफाई और सौंदर्यकरण का काम पूरा किया जा चुका है। अब श्रद्धालु छठ पूजा के दिन अघ्र्य देने के लिए स्थान निर्धारित कर रहे है। छठ महापर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

0000

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से त्यौहार के मद्देनजर बढ़ते हुए यात्री भार को देखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए 117 विशेष रेलगाड़ियों के 937 फेरे संचालित किये जा रहे है। साथ ही 50 ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों के करीब डेढ़ सौ अतिरिक्त डब्बे लगाये गये है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार राजधानी जयपुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन योजना लागू की गई है। इसके तहत होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। साथ ही कन्ट्रोल रूम और सीसीटीवी कैमरों से व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव देने के लिए उन्हें चरणबद्ध तरीके से प्लेटफॉर्म पर प्रवेश दिया जा रहा है।

0000

राज्य में दो अलग अलग हादसों में आज 7 लोगों की मृत्यु हो गई। बीकानेर के छतरगढ़ क्षेत्र में पानी की डिग्गी में डूबने से आज चार लोगों की मौत हो गई। खाजूवाला सीओ विजयपाल यादव ने बताया कि हादसा आवागांव के चक 9 ।ॅड में हुआ, जहां एक बालिका खेत में बनी पानी की डिग्गी में गिर गयी। उसे बचाने के लिए परिवार के तीन युवक डिग्गी में उतर गये। पानी गहरा होने के कारण वे भी डूब गये। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। उधर भीलवाडा जिले के आसिंद क्षेत्र में आज ट्रेलर और मोटरसाईकिल की टक्कर में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड दिया। बदनौर थानाप्रभारी ने बताया कि घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 158 पर पराबालाजी के पास हुई। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया।

0000

राज्य में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तहत चैथे और अंतिम चरण की तैयारियां तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस चरण में 25 जिलों की 116 पंचायत समितियों के तहत 3 हजार 700 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच पदों के लिए मतदान 16 नवम्बर को होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इसके बाद ग्राम पचंायत मुख्यालयों पर पंच और सरपंच पदों के लिए वोटों की गिनती की जायेगी। वहीं जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए 14 नवम्बर को वोट डाले जायेंगे। मतगणना 20 नवम्बर को होगी। जोधपुर की बिलाड़ा पंचायत समिति में 15 नवम्बर को पुनर्मतदान होगा। चैथे चरण के लिए मतदान दलों की रवानगी 13 नवम्बर को होगी। चुनाव के चैथे चरण को देखते हुए भयमुक्त मतदान का संदेश देने के लिए पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर फ्लेगमार्च किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सलूम्बर जिले के जयसमंद और वीरपुरा में पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस बीच मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नाम जुडवाने और संशोधन करवाने के लिए दावे और आपत्तियां ली जा रही है। 4 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। वहीं कल एकीकृत मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन होगा।

0000

प्रदेश में मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। पश्चिमी राजस्थान के जिलो सहित कुछ स्थानों पर दिन का तापमान 35 से 37 डिग्री के बीच मापा जा रहा है। वहीं दक्षिणी जिलो में गुलाबी ठण्ड का असर बना हुआ है। बीते 24 घंटो में बाडमेर लगातार तीसरे दिन सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 37 डिग्री के पार दर्ज हुआ। नवम्बर महीने में भी बाडमेर में तेज गर्मी का असर बना हुआ है। जैसलमेर, पाली, जोधपुर और चित्तौड में भी दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकाॅर्ड किया गया। वहीं सिरोही, भीलवाडा और उदयपुर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार 14 नवम्बर से राज्य में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है। इसके असर से पश्चिमी और उत्तरी भागो में आंशिक रूप से बादल छाये रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद राज्य के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट के आसार है।

0000